पत्रांक–12/विविध–11/2016 (अंश)–227

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार, भा०प्र०से०
अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अध्यक्ष,
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 20/04/2022

विषयः– सत्र 2022–24 में डी.एल.एड. पाठयक्रम में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजन करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सहमति के आधार पर शिक्षा विभाग के द्वारा निर्णय लिया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा डी.एल.एड. में नामांकन हेतु संयुक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी एवं मेधासूची तथा च्वाईस के आधार पर नामांकन हेतु प्रशिक्षण संस्थान आवंटित किया जाएगा। इस क्रम में विभाग के द्वारा अधिसूचना भी निर्गत की गई।

2. कोविड के कारण प्रवेश परीक्षा विगत वर्षों में नहीं हो पाई। सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में ऑनलाईन के माध्यम से 10वीं एवं 12वीं कक्षा के प्राप्तांक के आधार पर मेधा सूची बनाकर नियमानुसार नामांकन लिया गया है। परन्तु प्राईवेट संस्था, जिनकी संख्या लगभग 300 है, में नामांकन की कोई पारदर्शी व्यवस्था नहीं हो पायी। वर्ष 2022–24 की प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बेल्ट्रॉन को मार्च 2021 से ही अनेक पत्र लिखे गये हैं। प्रधान सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को भी पत्र के द्वारा ऐजेंसी चयन हेतु अनुरोध किया गया है।

3. निर्धारित सत्रानुसार डी.एल.एड. अध्यापन की कक्षा 01 जुलाई 2022 से आरम्भ होनी है अर्थात् जून 2022 के प्रथम सप्ताह में अभ्यर्थियों को संस्थान आवंटन का कार्य पूर्ण करना होगा ताकि नामांकन लेकर 01 जुलाई से कक्षा आरम्भ की जा सके।

4. उपर्युक्त पृष्ठभूमि में बेल्ट्रॉन द्वारा एजेंसी चयन कर उपलब्ध कराने में हो रही देरी को देखते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अपने स्तर पर एजेंसी का चुनाव कर परीक्षा आयोजित कर सकती है या अन्य विकल्प पर भी विचार किया जा सकता है, यथा ऑनलाईन की जगह ऑफलाईन/प्रत्यक्ष परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है। आप सहमत होंगे कि संयुक्त परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाना पारदर्शिता एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के दृष्टिकोण से उपयुक्त है।

अनुरोध है कि यथाशीघ्र प्रवेश परीक्षा आयोजन के संबंध में कार्रवाई करना चाहेंगे और की गई कार्रवाई की सूचना शिक्षा विभाग को भी उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता को अक्षुण्ण रखा जा सके।

विश्वासभाजन

20/4/2022
(संजय कुमार)
अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग।